**Series $HKP25/C**

**SET~1**

**Code No. 58/1/1**

| Roll No. | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

**NOTE :**

(i) Please check that this question paper contains **8** printed pages.

(ii) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) Please check that this question paper contains **34** questions.

(iv) Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# ECONOMICS

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

## *General Instructions :*

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i) This question paper comprises **two** sections :*
***Section A** — Macro Economics – **40** marks*
***Section B** — Indian Economic Development – **40** marks*

*(ii) There are **34** questions in the question paper. **All** questions are **compulsory**.*

*(iii) Question numbers **1 – 10** and **18 – 27** (including two Case-Based Questions) are Very Short-answer Questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iv) Both sections have four questions of **one** mark each as Case-Based Questions (CBQs).*

*(v) Question numbers **11 – 12** and **28 – 29** are Short-answer Questions, carrying **3** marks each and are to be answered in **60 – 80** words each.*

*(vi) Question numbers **13 – 15** and **30 – 32** are also Short-answer Questions, carrying **4** marks each and are to be answered in **80 – 100** words each.*

*(vii) Question numbers **16 – 17** and **33 – 34** are Long-answer Questions, carrying **6** marks each and are to be answered in **100 – 150** words each.*

*(viii) Answers should be brief and to the point. Also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(ix) There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in both the sections of the question papers. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*(x) In addition to this, separate appropriated instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**(Macro Economics)** **(40 marks)**

**1.** (a) Which of the following transactions is ***not*** included in National Income ? (Choose the correct alternative) *1*

(i) Brokerage paid to broker for facilitating sale of second-hand goods.

(ii) Services of a housewife.

**OR**

(b) State the formula for computing 'Change in Stock'. *1*

**2.** __________ is responsible for issuing ₹ 1 currency note in India. (Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*

(A) Reserve Bank of India

(B) Ministry of Commerce

(C) Ministry of Finance

(D) NITI Aayog

**3.** State, whether the following statement is *true* or *false* :

"Demand deposits which come back to the commercial banks through their lending process are known as secondary deposits." *1*

**4.** An Indian company acquires a British car company. This transaction would be recorded on ___________ side of ___________ account.

(Fill in the blanks by choosing the correct alternative) *1*

(A) debit, capital

(B) credit, capital

(C) debit, current

(D) credit, current

**5.** State the meaning of 'Current Account Surplus'. *1*

**6.** If \$ 1 = ₹ 80·50, then \$ _________ (approximately) would be needed to exchange ₹ 2,00,000. (Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*

(A) 2,484

(B) 2,844

(C) 2,448

(D) 2,882

**Case Study 1**

*Study the following text carefully and answer question numbers* ***7 – 10*** *:*

Government of India announced a lockdown for all the economic and non-economic activities (except emergency ones and selected essential ones) to fight the scare caused by the COVID-19 pandemic. This has caused :

- A massive wave of involuntary unemployment particularly in the unorganised and informal sector.
- Fall in demand of a large number of goods and services.
- Shortage of supply of essentials (specific to health and household) and a lot more.

To overcome the situation of lack of consumption demand in the market period, the government is expected to continue its consumption and investment expenditure. These types of government expenditures are expected to push the disposable income of the common man. To ensure rise in consumption and investment expenditure of household sector.

The Reserve Bank of India's survey for the month of July 2020 indicates that consumer confidence fell to an all-time low. A majority of respondents reporting pessimism relating to employment, inflation and income.

**7.** State; whether the following statement is *true* or *false* :
"Involuntary unemployment was the outcome of lockdown in India". *1*

**8.** __________ in government expenditure may reduce deflationary gap.
(Fill in the blank with the correct answer) *1*

**9.** Private consumption expenditure is directly related to ______________ (income/savings) of the households. (Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*

**10.** Identify the correct statement from the following : *1*

(a) Under the situation of inflationary gap, Aggregate Demand exceeds Aggregate Supply, at full employment level of income.

(b) Under the situation of inflationary gap, Aggregate Demand falls short of Aggregate Supply, at full employment level of output.

**11.** "Increase in domestic income always leads to an increase in national income."
Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid example. *3*

**12.** (a) "Trade Deficit must exist if a country is facing a situation of Current Account Deficit."
Justify the given statement. *3*

**OR**

(b) "Capital account transactions lead to future claims."
Defend or refute the given statement with valid arguments. *3*

**13.** "Money multiplier plays a vital role in determining the credit creation power of the banking system." Elaborate the statement with a suitable numerical example. *4*

**14.** (a) State the meaning of 'Deficient Demand'. Suggest any two monetary policy tools used to reduce deficient demand. *4*

**OR**

(b) In an economy, investment increases by ₹ 1,000 crore and marginal propensity to save is 0·25.

Calculate :

(i) Investment multiplier (K) *2*

(ii) Total increase in income ($\Delta Y$) *2*

**15.** Define : *2+2=4*

(a) Autonomous Consumption Expenditure

(b) Average Propensity to Consume

**16.** (a)

| Year | 2016 – 17 | 2017 – 18 | 2018 – 19 |
|---|---|---|---|
| Nominal GDP | 6·5 | 8·4 | 9 |
| GDP deflator | 100 | 140 | 125 |

On the basis of the hypothetical information given above, state for which year are Real GDP and Nominal GDP equal. *6*

**OR**

(b) (i) Calculate the value of 'Sales' from the following data : *4*

| S. No. | Items | Amount (in ₹ Crore) |
|---|---|---|
| 1. | Net Value Added at Factor Cost | 800 |
| 2. | Subsidies | 40 |
| 3. | Change in Stock | (–) 70 |
| 4. | Sales | ? |
| 5. | Intermediate Consumption | 450 |
| 6. | Consumption of Fixed Capital | 40 |

(ii) "Circular Flow of Income principle is based on the assumption — one's expenditure is other's income."

Justify the given statement. *2*

17. (a) "Through its budgetary policy, the government allocates resources as per the requirements of the country."

Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid reasons. *4*

(b) Define 'Direct Tax'. *2*

## SECTION B

### (Indian Economic Development) (40 marks)

18. Under the Industrial Policy Resolution of 1956, industries were classified in ____________ (two/three) categories.

(Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*

19. Study the following statements — *Assertion (A)* and *Reason (R)* :

*Assertion (A)* : During colonial rule, both mortality rates and infant mortality rates were very high.

*Reason (R) :* British never paid any heed towards improvement of public health facilities in India.

Choose the correct alternative from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true.

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

20. Choose the correct pair of statements given in columns I and II below : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | Subsidies | i. | Maximum quantity of goods that can be imported |
| b. | Karve Committee, 1955 | ii. | Using small-scale industries to promote rural development |
| c. | Import Substitution Policy | iii. | To encourage farmers for adopting new technology |
| d. | Quota | iv. | To protect domestic firms |

***Alternatives :***

(A) a – i

(B) b – ii

(C) c – iii

(D) d – iv

**21.** (a) Opening of ______________ canal significantly reduced the cost of transportation of goods between Britain and India.

(Fill in the blank with the correct answer) *1*

**OR**

(b) Define 'Tariffs'. *1*

**22.** In India the maternal mortality rate is higher ___________ (China/Pakistan).

(Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*

**23.** Study the following information and fill in the blank by choosing the correct alternative : *1*

| | Country A | Country B | Country C |
|---|---|---|---|
| Human Development Index (HDI) Value | 0·648 | 0·759 | 0·562 |

Country _______ (A/B/C) can be termed as the best on the HDI indicator.

**Case Study 2**

*Study the following text carefully and answer question numbers **24 – 27** :*

This is the story of Simran Agro Ltd's Project Simran. Project Simran was aimed at strengthening farmers' capacity for enhancing productivity by ensuring usage of high quality inputs. Project Simran used agricultural best practices for the same. Simran Agro works towards providing fair price markets to the farmers. Tomato is the major crop of the area.

Objectives of Project Simran :

- To set up an ideal tomato crop management system for farmers.
- To implement modern technology.
- To provide marketing support to the farmers.

Project Simran used the soil testing technique for selection of seeds. It procured all the inputs for farmers, to reduce the production cost. Training by agro-scientists has also helped in reducing crop failures.

**24.** Project Simran adopted agricultural best practices for ensuring ____________ .

(Fill in the blank with correct answer) *1*

**25.** State any one objective associated with Project Simran. *1*

**26.** Contribution of ____________ (agro-scientists/agro-engineers) played an important role in reducing crop failure. (Fill in the blank with the correct alternative) *1*

**27.** ____________ (Use of better technology/Use of costly technology) may not generally lead to higher income for the farmers. (Fill in the blank by choosing the correct alternative) *1*


**28.** (a) "Infrastructure contributes positively to the economic development of a country." Do you agree with the given statement ? Explain with a valid argument. *3*

**OR**

(b) Is environmental crisis a recent phenomenon ? If so, why ? *3*

**29.** The following diagram shows distribution of workforce in India. Analyse and compare the nature of workforce distribution. *3*

**Areawise Employment Distribution**




**30.** "Agriculture sector appears to be adversely affected by the economic reform process."

Explain the given statement. *4*

31. (a) Discuss briefly the rationale behind the 'License Raj' under the Industrial Policy Resolution, 1956. *4*

**OR**

(b) State and discuss any two major 'Tax Reforms' taken under the New Economic Policy of 1991. *4*

32. Discuss any two similar developmental strategies followed by India and Pakistan after 1947. *4*

33. (a) What is meant by Poverty Line ? State any two limitations of Poverty Line. *4*

(b) State the meaning of 'Morbidity rate'. *2*

34. (a) Comment upon the following statements : *3+3=6*

(i) Traditional knowledge and practices are still applicable in ensuring sustainable development.

(ii) A well-structured rural banking system is important for the development of a nation.

**OR**

(b) State, giving valid reasons whether the following statements are *true* or *false* : *3+3=6*

(i) Capital formation is the key to eradication of poverty.

(ii) Skill formation is a key factor for ensuring 'economic development'.

**Series $HKP25/C**

**SET~1**

कोड नं. **58/1/1**

| रोल नं. | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# अर्थशास्त्र

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं :*

***खण्ड क** — समष्टि अर्थशास्त्र – **40** अंक*

***खण्ड ख** — भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास – **40** अंक*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** और **18** से **27** (दो केस अध्ययन आधारित प्रश्नों सहित) अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । इनका उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iv) दोनों खण्डों में **एक** अंक के चार-चार प्रश्न केस अध्ययन आधारित हैं ।*

*(v) प्रश्न संख्या **11** व **12** और **28** व **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इनका उत्तर **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **13** से **15** और **30** से **32** भी लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इनका उत्तर **80** से **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(vii) प्रश्न संख्या **16** व **17** और **33** व **34** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इनका उत्तर **100** से **150** शब्दों में दीजिए ।*

*(viii) उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(ix) प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, दोनों खण्डों में कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(x) इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(समष्टि अर्थशास्त्र)** **(40 अंक)**

**1.** (a) निम्नलिखित में से किस लेन-देन को राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल ***नहीं*** किया जाएगा ? (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(i) शेयर दलाल को पुराने माल के विक्रय में सहायता के लिए दलाली का भुगतान ।

(ii) एक गृहणी की सेवाएँ ।

**अथवा**

(b) 'स्टॉक में परिवर्तन' की गणना के सूत्र का उल्लेख कीजिए । *1*

**2.** भारत में ₹ 1 के करेंसी नोट जारी करने की ज़िम्मेदारी ____________ की है । (सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) वाणिज्य मंत्रालय

(C) वित्त मंत्रालय

(D) नीति (NITI) आयोग

**3.** उल्लेख कीजिए, कि निम्नलिखित कथन *सत्य* है अथवा *असत्य* :

"वाणिज्यिक बैंकों के पास उनकी ऋण प्रक्रिया के माध्यम से जो माँग जमा वापस आती है, उसे द्वितीयक जमा कहा जाता है ।" *1*

**4.** एक भारतीय कम्पनी ब्रिटिश कार कम्पनी का अधिग्रहण करती है । इस लेन-देन को _________ खाते के _________ पक्ष में लिखा जाएगा । (सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए) *1*

(A) पूँजी, डेबिट

(B) पूँजी, क्रेडिट

(C) चालू, डेबिट

(D) चालू, क्रेडिट

**5.** 'चालू खाता अधिशेष' का अर्थ लिखिए । *1*

**6.** यदि $ 1 = ₹ 80·50 है, तो ₹ 2,00,000 को बदलने के लिए $ _________ (लगभग) की आवश्यकता होगी । (सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

(A) 2,484

(B) 2,844

(C) 2,448

(D) 2,882

**केस अध्ययन 1**

*निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या* **7 – 10** *के उत्तर दीजिए :*

कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न होने वाले संकट से लड़ने के लिए भारत सरकार ने सभी आर्थिक व ग़ैर-आर्थिक गतिविधियों (आपातकालीन व चयनित आवश्यक (अनिवार्य) गतिविधियों को छोड़कर) को बंद करने की घोषणा की थी । इसके कारण निम्नलिखित परिणाम सामने आए :

- अनैच्छिक बेरोज़गारी की व्यापक लहर, विशेषकर असंगठित व अनौपचारिक क्षेत्र में ।
- वस्तुओं और सेवाओं की माँग में भारी गिरावट ।
- आवश्यक वस्तुओं (विशेषकर स्वास्थ्य व गृहस्थ क्षेत्रक से) व अनेक और की आपूर्ति में कमी ।

उपभोग माँग की कमी की स्थिति को दूर करने के लिए, सरकार द्वारा अपने उपभोग व निवेश व्यय को जारी रखने की उम्मीद है । इस प्रकार के सरकारी व्ययों से आम आदमी की प्रयोज्य आय में वृद्धि की आशा है । यह घरेलू क्षेत्रक के उपभोग व निवेश व्यय में भी वृद्धि सुनिश्चित कर सकता है ।

जुलाई 2020 के माह में भारतीय रिज़र्व बैंक के सर्वेक्षण से उपभोक्ता विश्वास के अब तक न्यूनतम होने के संकेत मिलते हैं । अधिकतर व्यक्तियों ने रोज़गार, मुद्रा-स्फीति तथा आय से संबंधित निराशावाद की सूचना दी है ।

**7.** उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन *सत्य* है अथवा *असत्य* :
"अनैच्छिक बेरोज़गारी भारत में लॉकडाउन का परिणाम था ।" *1*

**8.** सरकारी व्यय में ______________ अवस्फीतिक अंतराल में कमी कर सकती है । *1*
(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

**9.** गृहस्थों की ______________ (आय/बचत) का निजी उपभोग व्यय के साथ सीधा संबंध होता है ।
(सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**10.** निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए : *1*

(a) मुद्रा-स्फीतिकारी अंतराल की स्थिति में, आय के पूर्ण रोज़गार स्तर पर समग्र माँग समग्र पूर्ति से अधिक होती है ।

(b) मुद्रा-स्फीतिकारी अंतराल की स्थिति में, उत्पादन के पूर्ण रोज़गार स्तर पर समग्र माँग समग्र पूर्ति से कम होती है ।

**11.** "घरेलू आय में वृद्धि के परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय आय में सदैव वृद्धि होती है ।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में मान्य उदाहरण दीजिए । *3*

**12.** (a) "यदि कोई देश चालू खाता घाटे की स्थिति का सामना कर रहा है, तो व्यापार घाटा अवश्य विद्यमान होता है ।"
दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) "पूँजीगत खाता लेन-देन भविष्य के दावों को जन्म देती हैं ।"
मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का समर्थन या खंडन कीजिए । *3*

**13.** "मुद्रा गुणक बैंकिंग प्रणाली की साख निर्माण शक्ति के निर्धारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।" उचित संख्यात्मक उदाहरण द्वारा कथन की व्याख्या कीजिए । *4*

**14.** (a) 'अभावी माँग' का अर्थ बताइए । अभावी माँग को कम करने के लिए प्रयुक्त किन्हीं दो मौद्रिक नीति उपायों का सुझाव दीजिए । *4*

**अथवा**

(b) एक अर्थव्यवस्था में, निवेश में वृद्धि ₹ 1,000 करोड़ है तथा सीमांत बचत प्रवृत्ति 0·25 है ।

गणना कीजिए :

(i) निवेश गुणक (K) *2*

(ii) आय में कुल वृद्धि ($\Delta Y$) *2*

**15.** परिभाषित कीजिए : *2+2=4*

(a) स्वायत्त उपभोग व्यय

(b) औसत उपभोग प्रवृत्ति

**16.** (a)

| वर्ष | 2016 – 17 | 2017 – 18 | 2018 – 19 |
|---|---|---|---|
| मौद्रिक GDP | 6·5 | 8·4 | 9 |
| GDP अवस्फीतिक | 100 | 140 | 125 |

उपर्युक्त काल्पनिक सूचना के आधार पर बताइए कि किस वर्ष के लिए वास्तविक GDP तथा मौद्रिक GDP बराबर हैं । *6*

**अथवा**

(b) (i) निम्नलिखित आँकड़ों से 'बिक्री' के मूल्य की गणना कीजिए : *4*

| क्र.सं. | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1. | साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि | 800 |
| 2. | उपदान | 40 |
| 3. | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 70 |
| 4. | बिक्री | ? |
| 5. | मध्यवर्ती उपभोग | 450 |
| 6. | स्थायी पूँजी का उपभोग | 40 |

(ii) "आय के चक्रीय प्रवाह का सिद्धांत इस अवधारणा पर आधारित है कि — एक का व्यय दूसरे की आय बनाता है ।"

दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *2*

**17.** (a) "बजटीय नीति के माध्यम से सरकार देश की आवश्यकताओं के अनुसार संसाधनों का आबंटन करती है ।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दीजिए । *4*

(b) 'प्रत्यक्ष कर' की परिभाषा लिखिए । *2*

## खण्ड ख

## (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास) (40 अंक)

**18.** 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव के अंतर्गत उद्योगों को __________ (दो/तीन) श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया था । (सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**19.** निम्नलिखित कथनों — *अभिकथन (A)* तथा *कारण (R)* का अध्ययन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* औपनिवेशिक शासन के दौरान मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर दोनों बहुत अधिक थीं ।

*कारण (R) :* ब्रिटिश शासन ने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए कभी भी कोई ध्यान नहीं दिया ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों असत्य हैं ।

**20.** नीचे दिए गए कॉलम I और II में से कथनों के सही युग्म का चयन कीजिए : *1*

| | *कॉलम I* | | *कॉलम II* |
|---|---|---|---|
| a. | उपदान | i. | आयातित वस्तुओं की अधिकतम मात्रा |
| b. | कर्वे कमेटी, 1955 | ii. | ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योगों का प्रयोग |
| c. | आयात प्रतिस्थापन नीति | iii. | नई तकनीकी को ग्रहण करने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करना |
| d. | कोटा | iv. | घरेलू फर्मों की सुरक्षा करना |

***विकल्प :***

(A) a – i

(B) b – ii

(C) c – iii

(D) d – iv

**21.** (a) __________ नहर के खुलने से ब्रिटेन व भारत के बीच माल परिवहन लागत में काफ़ी कमी आयी थी ।
(सही उत्तर से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**अथवा**

(b) 'प्रशुल्क' (Tariff) की परिभाषा लिखिए । *1*

**22.** भारत की तुलना में __________ (चीन/पाकिस्तान) में मातृ मृत्यु-दर अधिक है ।
(सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**23.** निम्नलिखित सूचना का अध्ययन कीजिए व सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

| | राष्ट्र क | राष्ट्र ख | राष्ट्र ग |
|---|---|---|---|
| मानव विकास सूचकांक (HDI) मूल्य | 0·648 | 0·759 | 0·562 |

राष्ट्र __________ (क/ख/ग) को HDI सूचकांक पर सर्वश्रेष्ठ कहा जा सकता है ।

**केस अध्ययन 2**

*निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **24 – 27** के उत्तर दीजिए :*

यह कहानी है, सिमरन ऐग्रो लिमिटेड की 'परियोजना सिमरन' की । परियोजना सिमरन का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले आगतों के उपयोग में वृद्धि कर किसानों की उत्पादक क्षमता मज़बूत करना था । परियोजना सिमरन ने कृषि संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं का उपयोग किया । सिमरन ऐग्रो किसानों को उचित मूल्य बाज़ार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत है । इस क्षेत्र में टमाटर प्रमुख फ़सल है ।

परियोजना सिमरन के उद्देश्य :

- कृषकों के लिए आदर्श टमाटर फ़सल प्रबंधन प्रणाली स्थापित करना ।
- आधुनिक तकनीकी को लागू करना ।
- कृषकों को विपणन में सहायता प्रदान करना ।

परियोजना सिमरन ने बीज के चयन के लिए मृदा परीक्षण तकनीक का उपयोग किया । इसने उत्पादन लागत को कम करने के लिए किसानों के लिए सभी आगतें खरीदी । कृषि-वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण से फ़सल विफलता को कम करने में भी सहायता मिली ।

**24.** परियोजना सिमरन ने __________ को सुनिश्चित करने के लिए कृषि की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया ।
(सही उत्तर द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**25.** परियोजना सिमरन से जुड़े किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

**26.** ____________ (कृषि-वैज्ञानिकों/कृषि-अभियंताओं) के योगदान ने फ़सल विफलता को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*

**27.** __________ (बेहतर तकनीकी का प्रयोग/महँगी तकनीकी का उपयोग) साधारणत: कृषकों को अधिक आय नहीं प्रदान कर सकता है । (सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) *1*


**28.** (a) "आधारिक संरचना एक देश के आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान करती है ।"
क्या आप दिए गए कथन का समर्थन करते हैं ? मान्य तर्क द्वारा व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) क्या पर्यावरणीय संकट एक नवीन परिघटना है ? यदि हाँ, तो क्यों ? *3*

**29.** निम्नलिखित चित्र भारत में कार्यबल के वितरण को दर्शाता है । कार्यबल वितरण की प्रकृति का विश्लेषण और तुलना कीजिए । *3*

**क्षेत्रानुसार रोज़गार वितरण**




**30.** "कृषि क्षेत्र आर्थिक सुधार प्रक्रिया से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ प्रतीत होता है ।"
दिए गए कथन की व्याख्या कीजिए । *4*

**31.** (a) 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव के अंतर्गत 'लाईसेंस राज' के पीछे के तर्क की संक्षिप्त चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

(b) 1991 की नई आर्थिक नीति के अंतर्गत किन्हीं दो मुख्य 'कर सुधारों' का उल्लेख व चर्चा कीजिए । *4*

**32.** 1947 के पश्चात् भारत व पाकिस्तान द्वारा अपनाई गई किन्हीं दो समान विकासात्मक रणनीतियों की चर्चा कीजिए । *4*

**33.** (a) ग़रीबी रेखा से क्या तात्पर्य है ? ग़रीबी रेखा की किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *4*

(b) 'रुग्णता दर' का अर्थ लिखिए । *2*

**34.** (a) निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए : *3+3=6*

(i) धारणीय विकास सुनिश्चित करने में पारंपरिक ज्ञान व व्यवहार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ।

(ii) एक सुसंरचित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली एक राष्ट्र के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है ।

**अथवा**

(b) मान्य कारणों सहित, उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित कथन *सत्य* हैं अथवा *असत्य* : *3+3=6*

(i) पूँजी निर्माण ग़रीबी उन्मूलन की कुंजी है ।

(ii) 'आर्थिक विकास' को सुनिश्चित करने में कौशल विकास एक प्रमुख कारक है ।